p>

Title: Need for development of Lord Adinath Temple as tourist spot in Ranchi Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री संजय सेठ (राँची): सभापति महोदय, मेरे राँची लोक सभा क्षेत्र के ईचागढ़ में एक गाँव डेवलतांड़ है । यह पूरी तरह से ट्राइबल गाँव है । इस ट्राइबल गाँव में 2700 साल पुराना एक मंदिर है, जिसमें आदिनाथ भगवान की भव्य प्रतिमा है । वहाँ भगवान महावीर ने चतुर्मास किया था । वह गाँव पूरी तरह से वेजिटेरियन है और कोई नशा नहीं है । वह जैनियों का एक बहुत बड़ा पर्यटन और तीर्थ-स्थल बन सकता है, लेकिन वहाँ सड़क नहीं है, कोई व्यवस्था नहीं है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से माँग करना चाहूँगा कि अगर वहाँ पर समुचित विकास हो जाए तो झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे हिन्दुस्तान से जैन समाज के लोग वहाँ आया करेंगे, क्योंकि वहाँ 2700 साल पुराना मंदिर है और भगवान आदिनाथ की भव्य प्रतिमा है । वह स्थान रोजगार तथा स्व-रोजगार का एक बहुत बड़ा केन्द्र भी बन सकता है । ईचागढ़ की जो जनता हैं, उनको भी निश्चित रूप से लाभ होगा और उनको रोजगार मिलेगा ।

महोदय, इस संबंध में मेरा यही आग्रह है कि आदरणीय पर्यटन मंत्री जी इस बारे में ठोस कार्रवाई करें ।